# उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कार्य-सूची

-----------

मंगलवार, 28 माघ, शक संवत् 1947

(17 फरवरी, 2026)

-------

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1-प्रश्न (देखिये नत्थी 'क')।

2-प्रमुख सचिव, विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित निम्नलिखित विधेयकों को सदन की मेज पर रखेंगे :-

(1) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026

(2) उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026

3-श्री श्रीचन्द शर्मा, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-गागलहेडी, विकास खण्ड-पुवांरका, जनपद-सहारनपुर के निवासियों की ओर से नाले का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिये देखिये नत्थी 'ख')

4-श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी व श्री अक्षय प्रताप सिंह, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा नियम-110 के अन्तर्गत, उत्तर प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा हेतु केन्द्र

सरकार की योजना के अन्तर्गत सामग्री विहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को नियमित कराये जाने विषयक सूचना पर आधे घण्टे की चर्चा।

5-वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (द्वितीय दिवस)।

लखनऊ :
मंगलवार, 28 माघ, शक संवत् 1947
(17 फरवरी, 2026)

आज्ञा से,
**डा0 राजेश सिंह,**
प्रमुख सचिव।

**17 फरवरी, 2026** **विधान परिषद् के प्रथम सत्र (2026) का द्वितीय मंगलवार**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| *1 | 5-2-2026 |
| *2 | 5-2-2026 |
| *3 | 5-2-2026 |
| *4 | 8-2-2026 |

## अतारांकित प्रश्न

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| 1 | 4-2-2026 |
| 2 | 5-2-2026 |
| 3 | 5-2-2026 |
| 4 | 5-2-2026 |
| 5 | 8-2-2026 |
| 6 | 8-2-2026 |
| 7 | 8-2-2026 |
| 8 | 8-2-2026 |
| 9 | 8-2-2026 |
| 10 | 8-2-2026 |
| 11 | 9-2-2026 |
| 12 | 9-2-2026 |

# नत्थी 'क'

मंगलवार, दिनांक 17 फरवरी, सन् 2026 ई0

---------

## तारांकित प्रश्न

श्री आशुतोष सिन्हा

1

*1-[माननीय मंत्री जी के अनुरोध पर स्थगित।]

**प्रदेश के सभी अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में दोहरी व्यवस्था में संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में वर्ष 2010 से 2025 के बीच शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्बन्ध में**

श्री राज बहादुर सिंह 'चन्देल'

2

*2-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के सभी अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में दोहरी व्यवस्था में संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में वर्ष 2010 से 2025 के बीच सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यक विद्यालयों की संख्या और उनकी प्राप्त शुल्क की धनराशि कितनी है ?

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(ख) क्या उक्त पाठ्यक्रमों में शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या और उन्हें प्राप्त धनराशि वर्गवार प्रत्येक शैक्षिक सत्र-2010 से 2025 तक का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**उत्तर प्रदेश में छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने के लिये दी जाने वाली छात्रवृत्ति की योजनाओं के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>3 | *3-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश में किस-किस जाति के छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति देने की योजना संचालित है ?<br>(ख) उक्त योजना के अन्तर्गत वाराणसी, आजमगढ़ एवं मिर्जापुर मण्डल में विगत 2 वर्षों में कितने छात्रों को छात्रवृत्ति दी गयी है ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

**दिव्यांग कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग भर्ती के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>4 | *4-(क) क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बतायेंगे कि दिव्यांग कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग भर्ती की क्या नियमावली है ?<br>(ख) क्या आउटसोर्सिंग भर्तियाँ पोर्टल पर दिखाई जाती हैं ?<br>(ग) रोजगार कार्यालय के पास भर्ती हुये अभ्यर्थियों की सूची रोजगार कार्यालय के किस पोर्टल पर देखी जा सकती है ?<br>(घ) क्या उक्त की जाँच कराकर सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>1 | 1-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव के ग्राम-गजराज खेड़ा, पोस्ट-सन्दाना, विकास | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| | खण्ड-हिलौली में रजिस्ट्रेशन संख्या-313142581925R व 313135686726R द्वारा शादी अनुदान दिये जाने हेतु आवेदन किये गये हैं ?<br>(ख) क्या उक्त आवेदनकर्ताओं को शादी अनुदान का लाभ प्रदान कर दिया गया है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब ?<br>(घ) क्या उक्त आवेदनकर्ताओं के नामों एवं पते की सूची सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| डा0 मान सिंह यादव<br>2 | 2-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-दीन दयाल नगर, वार्ड नं0-5 नगर पंचायत-खखरेरु, जनपद-फतेहपुर में बारात घर न होने के कारण शादी समारोह व अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम करने में अत्यन्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के समाधान हेतु बारात घर का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>3 | 3-(क) क्या युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-दुघरा, पो0-बनियाबारी, तहसील-खलीलाबाद, जनपद-सन्तकबीरनगर में खेल का मैदान/स्टेडियम न होने से ग्राम पंचायत एवं आस-पास के युवाओं एवं खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों हेतु काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) उक्त के कारण उनकी खेल प्रतिभा के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो उपर्युक्त समस्या के समाधान हेतु खेल का मैदान/स्टेडियम का निर्माण करायेंगे ?<br>(घ) यदि हां, तो कब तक ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनूप कुमार गुप्ता<br>4 | 4-(क) क्या व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता द्वारा आपको प्रेषित पत्र पत्रांक सं0-184/BJPUP/2024, दिनांक 14-08-2024 जिसमें ग्राम-बली गेरावा, पोस्ट-गेरावा, थाना-सुबेहा हैदरगढ़, जनपद-बाराबंकी में कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण केन्द्र खुलवाये जाने का आग्रह किया गया था ?<br><br>(ख) क्या उक्त के सन्दर्भ में कोई कार्यवाही की गयी है ?<br><br>(ग) क्या उक्त ग्राम बली गेरावा में कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण केन्द्र खुलवायेंगे ?<br><br>(घ) यदि हाँ, तो कब तक ?<br><br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>5 | 5-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-प्रतापगढ़ में छात्रवृत्ति दिये जाने के सम्बन्ध में लाभार्थी छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन संख्या-432660402400123, 432660402400155 व 432660502400085 के माध्यम से छात्रवृत्ति दिये जाने हेतु आवेदन किया गया है ?<br><br>(ख) यदि हाँ, तो क्या सम्बन्धित छात्रों को उक्त लाभ प्रदान करा दिया गया है ?<br><br>(ग) यदि नहीं, तो कब तक सम्बन्धित छात्रों को उक्त छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करायेंगे ?<br><br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>6 | 6-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव में रजिस्ट्रेशन संख्या-313113427311 व जनपद-अयोध्या के रजिस्ट्रेशन संख्या-314912598631 के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन दिये जाने हेतु आवेदन किये गये हैं ?<br><br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त लाभार्थियों के खातों में वृद्धावस्था पेंशन भेज दी गयी है ?<br><br>(ग) यदि हाँ, तो कब ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

(घ) क्या उक्त लाभार्थियों के नाम, पते सहित सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>7 | 7-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-दुधरा, पो0-बनियावारी, ब्लाक-खलीलाबाद, जनपद-सन्तकबीरनगर में बारात घर न होने से ग्रामीणों को शादी-विवाह व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?<br><br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु बारात घर/सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करायेंगे ?<br><br>(ग) यदि हां, तो कब तक ?<br><br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>8 | 8-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड परसेण्डी के अन्तर्गत ग्राम सभा उमरी शादीपुर में लगभग 76 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति की है, वहां बारात घर (सार्वजनिक/सामुदायिक भवन) न होने से ग्राम पंचायत के लोगों को सामाजिक, वैवाहिक एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों में आर्थिक एवं सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है ?<br><br>(ख) यदि हाँ, तो उपर्युक्त समस्या के समाधान हेतु उक्त ग्राम पंचायत में एकीकृत विकास सब प्लान योजना के अन्तर्गत बारात घर का निर्माण करायेंगे ?<br><br>(ग) यदि हां, तो कब तक ?<br><br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>9 | 9-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड सकरन के अन्तर्गत ग्राम सभा अंदपुर नसीरपुर में हरिजन (अनुसूचित जाति) की आबादी 30 प्रतिशत से अधिक है ?<br><br>(ख) उक्त ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन न होने से लोगों को सामाजिक, वैवाहिक एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| | में आर्थिक एवं सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? | |
| | (ग) यदि हाँ, तो उपर्युक्त समस्या के समाधान हेतु उक्त ग्राम पंचायत में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करायेंगे ? | |
| | (घ) यदि हां, तो कब तक ? | |
| | (ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>10 | 10-(क) क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बतायेंगे कि दिव्यांग कल्याण विभाग में वर्ष 2025 में स्पेशल टीचर और चतुर्थ श्रेणी में कितनी भर्तियां निकाली गयी हैं ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| | (ख) क्या अनुभवी अभ्यर्थियों का चयन सेवा प्रदाता द्वारा किया गया है ? | |
| | (ग) क्या उनके पूर्व संस्थान से प्राप्त कम से कम छः माह के वेतन को बैंक स्टेटमेंट द्वारा सत्यापित किया गया है ? | |
| | (घ) यदि हाँ, तो किस बैंक व शाखा द्वारा किया गया है ? | |
| | (ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>11 | 11-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-बिसवां के ग्राम पंचायत-शंकरपुर में सामुदायिक केन्द्र/बारात घर न होने से ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| | (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु सामुदायिक केन्द्र/बारात घर का निर्माण करायेंगे ? | |
| | (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | |
| | (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>12 | 12-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-सिधौली के ग्राम-अलाईपुर में सामुदायिक केन्द्र/बारात घर न होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के समाधान हेतु बारात घर का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

# नत्थी 'ख'

**याचिका की प्रतिलिपि**
**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,
विधान परिषद्,
उत्तर प्रदेश।

**विषय** :-जनपद-सहारनपुर, विकास खण्ड-पुवांरका की ग्राम पंचायत-गागलहेडी के मुख्य बाजार में एस0बी0आई0 बैंक के सामने अशोक कुमार गुप्ता की दुकान से जाहरवीर गोगा माड़ी तक (लम्बाई लगभग 200 मीटर) जल निकासी हेतु नाला निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

श्रीमान जी को अवगत कराना है कि जनपद-सहारनपुर, विकास खण्ड-पुवांरका की ग्राम पंचायत-गागलहेडी के मुख्य बाजार में एस0बी0आई0 बैंक के सामने अशोक कुमार गुप्ता की दुकान से जाहरवीर गोगा माड़ी तक (लम्बाई लगभग 200 मीटर) पानी की निकासी हेतु नाला न होने के कारण रास्ते पर जलभराव रहता है, जिसकी वजह से आम-जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नाला निर्माण हेतु हम पिछले 1 वर्ष से प्रयासरत् हैं, किन्तु सफलता नहीं मिल सकी है।

अतः हम प्रार्थीगण माननीय सदन से विनम्र अनुरोध करते हैं कि जनपद-सहारनपुर, विकास खण्ड-पुरवांरका की ग्राम पंचायत-गागलहेडी के मुख्य बाजार में एस0बी0आई0 बैंक के सामने अशोक कुमार गुप्ता की दुकान से जाहरवीर गोगा माड़ी तक (लम्बाई लगभग 200 मीटर) जल निकासी हेतु नाला निर्माण का कार्य कराये जाने की कृपा करें। कार्य हेतु जनपद स्तर पर धन उपलब्ध है।

प्रार्थीगण,
06 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

--------

निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा मुद्रित।